## एक नजर में

### कार्तिक पूर्णिमा पर दिंडी सोहला का समापन



**ईच्छापुर ।** जिले के शाहपुर क्षेत्र के ग्राम चापोरा में कार्तिक माह के उपलक्ष में श्री राम मंदिर परिसर से प्रतिदिन सुबह श्री राम भजनी मंडल द्वारा दिंडी सोहला यात्रा का आयोजन किया जाता था ।जिसमें ग्राम के वारकरी संप्रदाय के पुरुष ए महिलाएं एवं बाल सेवेकरी बड़ी संख्या में भजन गाकर ग्राम की परिक्रमा कर ग्राम में भक्तिमय वातावरण निर्माण होकर वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते थे ।तथा ग्रामीणों को भक्ति भाव से जोड़ने के लिए प्रेरित करते थे ।ग्राम के भजनी मंडल सदस्य सुनील महाजन ने बताया की यह दिंडी यात्रा 32 वर्षों से चल रही है ।32 वर्ष पुर्व में भी हमारे पुर्वज दिंडी यात्रा का आयोजन करते थे । उसी परंपरा को देखते हुए आज भी वर्तमान में रोज सुबह गांव की परिक्रमा कर दिंडी यात्रा का कार्य निरंतर कर रहे हैं समापन के दिन सजीव झांकियो में श्रीकृष्ण के रूप में मनुश्री गजानन आवारकर एवं राधा के रूप में धनश्री राजेश सोनवने को सजाया गया ।दोपहर में श्री राम मंदिर परिसर में राम मंदिर भजनी मंडल के भाविक श्रद्धालुओं के सहयोग से महाप्रसादी का वितरण किया जाता है ।जिससे गांव में भक्ती भाव से जुडकर भजनों की ताल पर थिरकते हुए ग्राम में एकता का प्रतीक दिखाई देता है ।दिंडी यात्रा का समापन दहीहंडी मटकी फोड़ कार्यक्रम कर भजनों के साथ पटाखों के आतिशबाजी से समापन हुआ ।

### शाही किले पर होगा वंदे मातरम कार्यक्रम 9 : 30बजे से होगा

**बुरहानपुर ।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शाही किले पर होगा आयोजन । राष्ट्रीय गीत बंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ को देश भर में 7 नवम्बर 2025 में 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। तद?नुसार दिनांक 7 नवम्बर 2025 जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9ण्30 बजे से स्थान शाही किला बुरहानपुर में आयोजित किया जावेगा। कलेक्टर द्वारा ष्वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ कार्यक्रम में समस्त शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को उपस्थिति होगे। उक्त आयोजन जिला स्तरीय कार्यक्रम वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ समारोह की समाप्ति पर सभी स्वदेशी अपनाएँ की शपथ दिलाई जावेगी। तदुपरांत प्रात: 10.00 बजे से नई दिल्ली से प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण किया जावेगा है।

### गोवंश के दो वाहन पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किए



**नेपानगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नेपानगर प्रखंड में दो पिकअप वाहनों में ले जाई जा रही छह गोवंश को बचाकर वाहन और गोवंश पुलिस के सुपुर्द किए।दरअसल बजरंग दल को सूचना मिली थी कि खंडवा जिले के सिंगोट की ओर से दो पिकअप वाहनों में गोवंश भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद जिला और प्रखंड पदाधिकारी गणेश राठौड़ए जीवन पाटिलए प्रदीप हितेश पाटिलए मनोज बोरकर समेत अन्य कार्यकर्ता सक्रिय हुए। कार्यकर्ताओं ने ग्राम सारोला के पास वाहनों को रोकने का प्रयास कियाए लेकिन चालकों ने वाहन नहीं रोका।इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पीछा कर दोनों वाहन रोके और चालकों को पकड़ लिया। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी छह गोवंश को सुरक्षित निकालकर पास की गौशाला में भेजा गया। पकड़े गए वाहन चालकों को पुलिस के हवाले किया गया। प्रचार प्रसार प्रमुख दिनेश राठौड़ ने बताया इसमें पुलिस का भी खासा सहयोग रहा।

### गुरूनानक जयंती पर गुरूद्वारा में हुए कार्यक्रम




**नेपानगर।** गुरूनानक जयंती के अवसर पर बुधवार को गुरूद्वारा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह 11 बजे गुरूवाणी और शबद कीर्तन हुआ जिसमें काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद हो। वहीं दोपहर में गुरू का अटूट लंगर आयोजित किया गया जिसमें काफी संख्य में नगर के लोग शामिल हुए। नेपा मिल सीएमडी अरविंद वढेराए नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।

### भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तोड़ने पर आक्रोश




**खकनार।** ग्राम बोरी बुजुर्ग में असामाजिक तत्वों ने भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के विरोध में मंगलवार को आदिवासी समाज ने बोरी बुजुर्ग बंद का आह्वान किया। बड़ी संख्या में समाजजन एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन कियाए जिसके कारण गांव में दुकानें बंद रहीं। यह विरोध प्रदर्शन लगभग तीन घंटे तक चला। स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर बोरी मुख्य मार्ग पर धरना दिया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

**आरोपियों पर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग:**–समाज के सचिन बारे ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की। नेपानगर एसडीओपी निर्भय सिंह अलावा और एसडीएम भागीरथ वाखला बोरी बुजुर्ग पहुंचे और आदिवासी समाजजनों को समझाइश दी। दोपहर करीब एक बजे प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। निंबोला थाना प्रभारी राहुल कांबले ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर की है। शिकायत के आधार पर अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। एसडीएम भागीरथ वाखला ने बताया कि समाजजनों की मांग पर पुलिस और जन सहयोग से घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही क्षतिग्रस्त मूर्ति के स्थान पर आदिवासी समाजजन स्वयं नई मूर्ति स्थापित करेंगे।

# नकली नोट कांड: मौलाना जुबैर अंसारी ,नजीर अंसारी और डॉ. प्रतीक के घर जांच पड़ताल

**नकली नोट कांड को लेकर मालेगांव पुलिस एवं खंडवा एसआईटी बुरहानुपर में आरोपियों के मकान की तलाशी एवं परिजनों के लिए बयान**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** मालेगांव नकली नोट कांड में गिरफ्तार मौलाना जुबैर अंसारी एवं नजीर अंसारी से जप्त 10 लाख के नकली नोट एवं मौलाना के खंडवा स्थित जावर थाना के पैठीया गांव स्थित मदरसे के उपरी मकान से जप्त 19.87 लाख के नकली नोटों के मामलें में खंडवा पुलिस द्वारा एसआईटी गठीत की गई। पुछताछ में खुलासे के बाद बुरहानपुर निवासी डॉ. प्रतीक नवलखे का नाम सामने आया है। जिसके कारण बुरहानपुर इतवारा स्थित डॉ. प्रतीक नवलखे का मकान सील गर दिया गया था।

बुधवार को मालेगांव पुलिस एवं खंडवा एसआईटी द्वारा आरोपीयों के मकान की तलासी एवं परिजनों से पुछताछ की गई। इस दौरान थाना कोतवाली एवं गणपती पुलिस साथ थी। जांच दल द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इंकार करते हुवें मामला जांच में प्रक्रियाधीन बताया गया।

मालेगांव एवं खंडवा नकली नोट कांड की जांच के लिए गठित एसआईटी टीम बुधवार दोपहर बुरहानपुर पहुंची और हरीरपुरा में आरोपी मौलाना जुबेर अंसारी और नजीर अंसारी के घर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की और बयान दर्ज किए। वही टीम ने इतवारा इलाके में डॉक्टर प्रतीक नवलखे के मकान की सील खुलवाकर अंदर जांच की। जांच के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। बतादे कि डॉक्टर प्रतीक नवलखे के मकान को पुलिस ने दो दिन पहले ही सील किया था। बुधवार को एसआईटी टीम ने सील खुलवाकर घर के अंदर तलाशी ली। टीम में मालेगांव और खंडवा जिले के पुलिस अधिकारी शामिल थे। जांच करीब ढाई घंटे तक चली।

**पुलिस ने की शक्ति से पुछताछ:**– मालेगांव पुलिस एवं खंडवा एसआईटी ने आरोपी मौलाना जुबेर अंसारी और उसके साथी नजीर अंसारी के घर जाकर उनके परिजनों से पूछताछ की। टीम ने दोनों परिवारों से केस से जुड़ी जानकारियां जुटाईं और उनके बयान दर्ज किए।

**डॉ. प्रतीक के निवास पर ली तलासी:**– 2 दिवस पुर्व सील किए गए डॉ. प्रतिक नवलखे के मकान पहुच कर मालेगांव पुलिस एवं खंडवा एसआईटी द्वारा मौके पर उपस्थित थना कोतवाली एवं गणपती थाना पुलिस के सहयोग से सील खुलवाकर उसकी जांच पडताल की। इस दौरान डॉ.प्रतीक नवलखे के पिता सुरेश नवलखे एवं उनके अधिवक्ता संतोष देवताले मौजुद थे। जो जांच में सहयोग करते दिखे।

**नकली नोट कांड में अब तक 4 गिरफतारी :**– पिछले दिनों मालेगांव पुलिस ने हरीरपुरा निवासी मौलाना जुबेर अंसारी और उसके साथी नजीर अंसारी को 10 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ पकड़ा था। इसके बाद खंडवा जिले के पेठिया में जांच के दौरान 19.87 लाख रुपये के नकली नोट और मिले। जांच में बुरहानपुर के सस्पेंडेड डॉक्टर प्रतीक नवलखे का नाम भी सामने आने पर उसका मकान सीज किया गया है ।इस मामले में अब तक मौलाना मोहम्मद जुबैर अंसारी ,नजीर अकरम मोहम्मद अयुब अंसारी दोनो बुरहानपुर,तौसीफ अंजुम अंसारी निवासी मालेगांव व अमजद निवासी चांदगढ को गिरफतार किया गया है ।

**खंडवा एसआइटी टीम:**– खंडव एसपी मनोज राय द्वारा गठीत उसआईटी में एएसपी महेन्द्र तारणेकर, डीएसपी अनिलसिंह चौहान, टीआई प्रविण आर्य है।

## अवैध हथियार निर्माण एवं तस्कर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

**आरोपी गूरूचरण से 03 हस्तनिर्मित पिस्टल जब्त ,देशी पिस्टल कुल कीमत 75 हजार रूपए ।**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेन्द्र कुमार पाटीदार द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध हथियार निर्माण, क्रय. विक्रय, परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में थाना खकनार पुलिस को अवैध हथियार तस्कर को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है।

बतादे कि खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को अवैध हथियार तस्कर के संबंध में मुखबीर सूचना प्राप्त हुई सूचना पर टीम गठित कर मुखबीर की सुचना पर ग्राम जामनिया रोड कलाली के पास पहुंचे जहा बताये गये हुलिये का एक व्यक्ति पेदल आते दिखा जिसे फोर्स की मदद से पकडा नाम पता पुछते उसने अपना नाम गुरुचरणसिंह पिता छबिलासिंह जुनैजा जाति सिकलीगर उम्र 25 साल निवासी ग्राम पाचोरी का होना बताया । आरोपी के कब्जे से 03 हस्तनिर्मित देशी पिस्टल कुल किमती 75000/– की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । वापसी पर आरोपी के विरुध्द थाना खकनार मे अपराध क्रमांक 518/2025 धारा 25(1,बी),(ए)आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। आरोपी से अवैध हथियारो एवं चोरी के अपराधो के संबंध मे पुछताछ की जा रही है ।

आरोपी गुरुचरणसिंह पिता छबिलासिंह निवासी ग्राम पाचोरी के विरूद्ध पंजीबद्ध अपने साथियो के साथ मिलकर नागपुर महाराष्ट्र में तीन घरो में चोरी कीए चोरी के तीनो प्रकरण में आरोपी गुरूचरण फरार चल रहा था एवं जिला बालाघाट में डकैती एवं आर्म्स एक्ट के 02 प्रकरण तथा थाना खकनार में आर्म्स एक्ट के 02 प्रकरण पंजीबद्ध है।

**महत्वपूर्ण भूमिका:**–निरीक्षक अभिषेक जाधव, सउनि तारक अली, प्रआर अमित अवस्थी, सतीश सुर्यवंशी, मेलसिंह सोलंकी, मनीष भटुरे, आर कैलाश मोरे, सुनिल धुर्वे, मंगल पालवी, विजेन्द्र देवल्ये, अनिल डावर, रूपेश शर्मा, गोविन्दा मुजाल्दे की सराहनीय भूमिका रही।

## कार्तिक माह का समापन : गांव की परिक्रमा कर हुई काकड़ा आरती



**नवभारत न्यूज,**
**ईच्छापूर।** ग्राम इच्छापुर में एक माह से चल रहे कार्तिक माह का समापन बुधवार को कार्तिक पुर्णिमा पर ग्राम के संत तुकाराम महाराज मंदीर, झाडू बुवा विठ्ठल मंदीर , बडे विठ्ठल मंदीर ,संत सावता महाराज मंदीर में एक माह से काकडा आरती एवं भजन चल रहा था ।

वही आज बुधवार को अल सुबह पाँच बजे सभी मंदीरो के भजन मंडली द्वारा गांव की परिक्रमा कर ,मंदीरो मे जाकर काकडा आरती कर समापन हुवा। सुबह मंदीरों में दही हंडी फोडकर प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।सभी भक्ततो ने इसका आनंद लिया।

## पांगरी बांध : 2013 भूमि अधिग्रहण कानून के तहत उचित मुआवजा न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** बुरहानपुर में पांगरी बांध परियोजना से प्रभावित किसान मंगलवार को कलेक्टर से मिले। उन्होंने परियोजना के तहत न्यायसंगत मुआवजा दिए जाने की मांग की। किसानों का कहना है कि उन्हें 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है।

जिले के ग्राम पांगरी में 112.50 करोड़ रुपए की लागत से मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत एक बांध का निर्माण किया जा रहा है। इस बांध की जलभराव क्षमता 18.20 मिलियन घन मीटर है, जिससे 5164 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभव हो सकेगी। बांध की लंबाई 1ण्8 किलोमीटर और ऊंचाई 21.20 मीटर है।

इस परियोजना से ग्राम पांगरी सहित बसाली रैयत, सांईखेड़ाकला, कारखेड़ा रैयत, डोईफोड़िया, ताजनापुर, नांदखेड़ा, खैरखेड़ा, शिकारपुराखुर्द और सांडसकला जैसे नौ अन्य गांवों के 3280 से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। हालांकिए परियोजना से लगभग 1500 किसान विस्थापित हुए हैं, जो मुआवजे की राशि को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान नेता डॉ. रवि पटेल ने बताया कि वे लंबे समय से मुआवजे की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके अनुसार 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में दो से चार गुना मुआवजा मिलना चाहिए, लेकिन उन्हें केवल एक गुना मुआवजा दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे धरना, आंदोलन और सत्याग्रह करेंगे।

## क्षेत्र में चल रहा एसआईआर सर्वे, 4 दिसंबर तक घरों में पहुंचेंगे बीएलओ



**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** जिले में 4 नवंबर से स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर शुरू हुआ है। इसके तहत मतदाता सूची का अपडेशन हो रहा है। इस काम में 300 से अधिक बीएलओ लगे हैं। अब बीएलओ को सहयोग के लिए कुछ शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई है जो समय समय पर बीएलओ का सहयोग करेंगे। इसे लेकर एक दिवसीय प्रशिक्ष का आयोजन बुधवार को नेपा ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें एसआईआर की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही इसके महत्व और उद्देश्य को लेकर भी बात की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि उन्हें मतदाता के घर पहुंचकर कौन कौन सी जानकारी भरनी है और कितने गणना पत्रक तैयार करने हैं।

मास्टर ट्रेनर सुदर्शन सेठी ने एसआईआर सर्वे के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य अनुपस्थित मतदाताए स्थानांतरित मतदाताए मृत मतदाता और दोहराए गए यानी रिपीटर मतदाताओं की पहचान कर वास्तविक मतदाताओं को अलग करना है। एसआईआर का अर्थ ही उन मतदाताओं की पहचान करना है जो अनुपस्थित या स्थानांतरित नहीं हैं। यह जानकारी गणना पत्रक की दो प्रतियों में भरनी होगी।

**यह होगा:**–एसआईआर के दौरान बीएलओ घर घर जाएंगे। दो गणना पत्रक वितरीत करेंगे। नामए पते की जांच करेंगे। 2003 की मतदाता सूची से मतदाता का नाम मिलाएंगे। अगर नाम नहीं है तो माताए पिता या अन्य रिश्तेदार का नाम ढूंढकर जांच की जाएगी। मतदाताओं से किसी भी तरह का कोई दस्तावेज नहीं मांगेंगे। 13 तरह के दस्तावेज दिए गए हैं जिसके माध्यम से मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में यथावत रखने के लिए उसकी जानकारी गणना पत्रक में दर्ज कर सकता है। इस प्रशिक्षण में नेपानगर एसडीएम व ईआरओ भागीरथ वाखला, तहसीलदार दिनेश भेवंदिया,नगर पालिका सीएमओ मोहन सिंह अलावा और बुरहानपुर के सिटी मजिस्ट्रेट राजेश पाटीदार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण को प्राथमिकता दें : कलेक्टर



बुरहानपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण.2026 अंतर्गत मौके पर पहुंचकर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने नगर निगम बुरहानपुर अंतर्गत गुरुनानक वार्ड, लोधीपुरा में एसआईआर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण की श्रृंखला में कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम भोलाना में ग्रामीण मतदाताओं से चर्चा की एवं उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के बारें में बताया। इस दौरान उन्होंने बीएलओं से आवश्यक जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने समक्ष में ही गणना पत्रक जानकारीए स्कैन करने सहित संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये किए जिन मतदाताओं को गणना पत्रक भरने में दिक्कत आये उन्हें सहयोग प्रदान करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को भी निर्देश दिये किए लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करें एवं प्रभावी तरीके से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्राथमिकता दें। विदित है कि जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण.2026 अंतर्गत 4 नवम्बर से डोर.टू.डोर सत्यापन का कार्य जारी है। इस कार्य हेतु बीएलओ मतदाताओं के घर पहुंचकर गणना पत्रक प्रदान करने, भरवाने एवं वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य कर रहे है। कार्य में संलग्न बीएलओ एवं अधिकारियों द्वारा सक्रियता एवं गंभीरता के साथ कार्यों को किया जा रहा है।

**एक नजर**

**बुरहानपुर आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय के लिए बड़ी सौगात....**

## नए छात्रावास भवनों एवं फार्मेसी भवन के निर्माण हेतु 16 करोड़ रुपए की स्वीकृति : चिटनिस

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर ।** मध्यप्रदेश शासन के आयुष विभाग ने बुरहानपुर जिले के पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में छात्र.छात्राओं के लिए नए छात्रावास भवनों एवं फार्मेसी भवन के निर्माण हेतु 16 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय क्षेत्र की जनभावनाओं और लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। श्रीमती चिटनिस स्वीकृति पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के पीछे विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के निरंतर प्रयास,साधारण सभा की बैठक में रखी गई मांग,सतत संवाद और दृढ़ संकल्प की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने लगातार शासन स्तर पर बुरहानपुर के आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय की सुविधाओं के विस्तार के लिए पहल की।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बुरहानपुर में 50 सीटर बालिका छात्रावास हेतु 4 करोड़ 18 लाख की स्वीकृति दी गई है। वहीं 100 सीटर नए बालक छात्रावास भवन निर्माण हेतु 7 करोड़ 70 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार फार्मेसी भवन निर्माण हेतु 4 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। जिससे छात्र.छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा और अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण मिलेगा। श्रीमती चिटनिस ने इस उपलब्धि पर कहा यह स्वीकृति बुरहानपुर के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में आयुष शिक्षा और



चिकित्सा सेवाओं के विस्तार का यह उत्कृष्ट उदाहरण है। बुरहानपुर में एक सक्षम और आधुनिक आयुर्वेद संस्थान के निर्माण का हमारा सपना अब साकार हो रहा है। गौरतलब है कि श्रीमती चिटनिस लंबे समय से बुरहानपुर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के उन्नयन, भवन निर्माण और नई सुविधाओं के विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं। 9 दिसंबर 2024 को भोपाल में पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय बुरहानपुर की साधारण सभा की बैठक हुई थी। बैठक में आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार, विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस, आयुष विभाग प्रमुख सचिव डीपी अहूजा एवं बुरहानपुर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल सहित अधिकारीगण शामिल थे। बैठक में श्रीमती अर्चना चिटनिस ने व्याख्याताओं, छात्रावास सहित महाविद्यालय. चिकित्सालय में व्यवस्थाओं.सुविधाओं की पूर्ति हेतु मांग रखी थी बैठक में ही मंत्री इंदरसिंह परमार ने स्वीकृति जारी की थी। जिसके आदेश 10 अक्टूबर 2025 को प्रसारित किए गए। अर्चना चिटनिस ने कहा कि महाविद्यालय की मान्यता निरंतर बनाए रखने के लिए आवश्यक मापदण्डों की पूर्ति रहे, यह सुनिश्चित करना अतिआवश्यक है। जिस पर मंत्री श्री परमार ने सभी पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया है। अर्चना चिटनिस के प्रयासों के परिणाम स्वरूप पूनरू प्रवेश मान्यता को लेकर मुख्यमंत्री डॉण्मोहन यादवए आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार सहित संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर महाविद्यालय की मान्यता निरंतर बनी रहे इस हेतु अनुरोध किया था। किए गए प्रयासों के परिणाम स्वरूप बुरहानपुर के पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय क मान्यता पुन: बहाल हो सकी थी। ज्ञात हो कि अर्चना चिटनिस ने आयुर्वेद महाविद्यालय बुरहानपुर को बंद प्राय: अवस्था से नियमित अध्यापन कार्य की अवस्था प्रारंभ कराने और डिस्पेंसरी को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए लगातार प्रयास करती रही है। महाविद्यालय को 2 दशक पूर्व की अवस्था से बेहतर स्थिति में संचालन कराने की व्यवस्था अंतर्गत लगभग 10 वर्ष पूर्व 12 करोड़ रूपए भवन, यंत्र एवं फर्निचर आदि हेतु स्वीकृत कराकर भवन निर्माण का कार्य कराया गया है।